प्रखंड स्तरीय रबी अभियान सह प्रशिक्षण एवं उपादान वितरण शिविर संपन्न

राजगीर (नालंदा) (आससे)। प्रखंड ई-किसान भवन में गुरुवार को रबी महाअभियान सह प्रशिक्षण सह उपादान शिविर का आयोजन प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौनक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कृषि



पदाधिकारी रौनक कुमार ने कहा कि रबी मौसम में विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने, उत्पादक कृषि उत्पादों के वितरण पारदर्शी तरीके से करने पर बल दिया। इसके लिए प्रखंड रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू की गई। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौनक कुमार, बीज विश्लेषण पदाधिकारी एकता कुमारी, कृषि चिकित्सक डॉक्टर विद्या शंकर सिंह, वैज्ञानिक प्रह्लाद कुमार एवं बीसीओ एकंगरसराय सहित सैकड़ों किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

गैस लीक से घर में लगी आग में दंपती झुलसे

शेखपुरा (आससे)। टाउन थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से एक घर में आग लग गई। इस घटना में पति-पत्नी झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों की पहचान राजेश कुमार और उनकी पत्नी गौरी कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, गौरी कुमारी घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस लीक होने के कारण अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से वह झुलस गईं। पत्नी को बचाने और आग बुझाने के प्रयास में राजेश कुमार भी झुलस गए। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, इस घटना में घर का काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। राहत की बात यह रही कि दोनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज में 'स्टार्टअप बैंक कनेक्ट' कार्यक्रम आयोजित

बिहारशरीफ। नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय, चंडी (नालंदा) में उद्योग विभाग बिहार द्वारा स्थापित स्टार्टअप सेल के तत्वावधान में 'स्टार्टअप-बैंक कनेक्ट' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के स्टार्टअप्स और नवाचारकर्ताओं को बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय सहायता, ऋण योजनाओं तथा उद्यम स्थापना के लिए उपलब्ध संसाधनों से जोड़ना था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गोपाल नंदन ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत कर अतिथियों, बैंक अधिकारियों, उद्यमियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र नालंदा के महाप्रबंधक धनजी कुमार, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक और बिहार ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि, भारतीय स्टेट बैंक चंडी के शाखा प्रबंधक, अन्य बैंकों के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केंद्र के परियोजना प्रबंधक बिजेंद्र कुमार सिंह, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सुश्री पूजा कुमारी तथा स्टार्टअप संस्थापक सनी प्रकाश, उपेंद्र वर्मा सहित लगभग 120 छात्र-छात्राएं और प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बैंक ऋण, वित्तीय योजनाओं, नवाचार और व्यवसाय शुरू करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। जिला उद्योग केंद्र के परियोजना प्रबंधक बिजेंद्र कुमार सिंह ने स्टार्टअप के विकास और वित्तीय सहायता के अवसरों की जानकारी दी। वहीं, उद्यमी सनी प्रकाश ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा और इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं के बारे में बताया। अंत में, स्टार्टअप प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को अपने नए विचारों को व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों को स्टार्टअप स्थापित करने, बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाने और वित्तीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।

बिहार सरकार

कार्यालय-भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता, गोगरी।

आम सूचना

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 के अंतर्गत निम्नांकित वाहनों के संबंध में इस न्यायालय में अधिहरण वाद संचालित है। इन वाहनों के स्वामी द्वारा न्यायालय में उपस्थिति नहीं दी जा रही है।

अतः इस सूचना के माध्यम से इन वाहनों के स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करें। अन्यथा एकपक्षीय निर्णय लेते हुए वाहन का अधिहरण कर लिया जाएगा।

क्र0	उत्पाद अधिहरण का वाद संख्या	थाना कांड संख्या	जप्त वाहन संख्या	वाहन मालिक का नाम एवं पता	वाद की सुनवाई की तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	10/2024-25	बेलदौर थाना कांड सं0-52/2024	पलसर मोटरसाईकिल, रजिस्ट्रेशन नं0-BR34S-3881, चेचिस नं0-MD2B64BXONRL2475	-	06.11.2026

PR- 014392 (Excise) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता,
गोगरी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सोनपुर

Email Id-eercdsonepur@gmail.com

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर द्वारा कार्यालय उपयोग एवं क्षेत्राधीन पथों में चल रहे कार्यो के निरीक्षण/पर्यवेक्षण कार्य एवं अन्य सरकारी कार्य हेतु भाड़े पर चारपहिया वाहन (चालक एवं सभी रख-रखाव पर व्यय सहित) की आवश्यकता हेतु मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन निम्नांकित विवरणी के अनुसार आमंत्रित किया जाता है :-

क्र0	कार्यालय कानाम	वाहनकाप्रकार (वातानुकूलित)	वाहन की संख्या
Group-1	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर	स्कॉर्पियों-N/इनोवा CRYSTA/मराजों	01 अदद

1. कोटेशन के लिए इच्छुक एजेन्सी/वाहन मालिक द्वारा मुहरबन्द लिफाफे में कोटेशन दिनांक 05.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी या प्राधिकृत पदाधिकारियों द्वारा कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा। यदि कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित नहीं रहते है तो भी निर्धारित समय पर कोटेशन खोला जाएगा।

PR- 014379 (R C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, सोनपुर

ई-रिक्शा चालक का मोबाइल लेकर फरार हुआ बदमाश

शेखपुरा (आससे)। बात करने के लिए मोबाइल मांगने के बहाने एक बदमाश ई-रिक्शा चालक का मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना बरबीघा थाना क्षेत्र के मालदा गांव के समीप की है। मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करने के लिए थाने का रुख किया। पीड़ित की पहचान फिरंगीबीघा गांव निवासी नंदकिशोर तांती के पुत्र प्रहलाद तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि वह शेखपुरा से बरबीघा के बीच ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बुधवार को वह बरबीघा से शेखपुरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान नेमदारगंज मोड़ के पास बुलेट सवार एक युवक ने ई-रिक्शा बुक किया और सामान घर तक पहुंचाने की बात कही। इस पर चालक तैयार हो गया। इसके बाद बुलेट सवार युवक उन्हें अपने पीछे-पीछे मालदा गांव स्थित मोड़ तक ले गया।

वहां बुलेट रोककर उसने ई-रिक्शा चालक से एक मजदूर को फोन करने के बहाने मोबाइल मांगा। चालक ने भरोसा कर उसे अपना मोबाइल दे दिया। इसी बीच बदमाश बुलेट स्टार्ट कर मोबाइल लेकर बरबीघा की ओर फरार हो गया।

चक्रवाती तूफान 'अर्णव' के असर से दिन भर रुक-रुक कर होती रही बारिश

शेखपुरा (आससे)। चक्रवाती तूफान 'अर्णव' का असर जिले में भी देखने को मिल रहा है। गुरुवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ और शहरी क्षेत्र में लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। मौसम विज्ञान केंद्र ने एक नवंबर तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 और 30 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान का प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। 31 अक्टूबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, जबकि एक नवंबर से मौसम में सुधार होने की उम्मीद जताई गई है। शेखपुरा के साथ आसपास के जिलों में भी बारिश का असर देखा जा रहा है। लगातार बारिश के कारण शहर के कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बारिश के कारण तापमान में गिरावट से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। बारिश के कारण सुबह अपने-अपने कार्यालय, काम धंधा और स्कूल जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कृषि क्षेत्र में इस बारिश का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। देर से रोपे गए धान की फसल को बारिश से कुछ फायदा होने की उम्मीद है, लेकिन मौसमी सब्जियों की खेती को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तेज हवा और लगातार बारिश से फसलों को क्षति पहुंच सकती है। इधर, जिला प्रशासन ने खराब मौसम के दौरान लोगों को खुले स्थानों पर रहने से बचने की सलाह दी है। कृषि विभाग की ओर से भी किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है।

जमीनी विवाद में सौतेले भाइयों ने पति-पत्नी को पीट-पीट कर किया जख्मी


शेखपुरा (आससे)। पुराने जमीन विवाद को लेकर सौतेले भाइयों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। घटना कुसुंभा थाना क्षेत्र के ढेउसा गांव की है। मारपीट में घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान राम. विलास पासवान और उनकी पत्नी कुमकुम देवी के रूप में की गई है। राम. विलास पासवान ने बताया कि उनके सौतेले भाई छोटे पासवान और उसका पुत्र मिस्टर पासवान शराब के नशे में डंडा लेकर उनके घर में घुस गए। दोनों कथित तौर पर गाली-गलौज कर रहे थे। इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिसमें पति-पत्नी जख्मी हो गए।

उन्होंने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में काफी समय से विवाद चल रहा है। उनके पिता ने दो शादियां की थीं। इसी वजह से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ता गया और अंततः मारपीट की घटना हो गई। फिलहाल दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में कुसुंभा थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला बाल संरक्षण इकाई, सुपौल

(समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना)
बाल कल्याण समिति, सुपौल के आदेशानुसार

गुमशुदा बच्चों की सूचना



नामः- राज कुमार, (Raj Kumar) (काल्पनिक नाम)
उम्रः- 07 दिन (लगभग),
रिंगः- साफ
प्राप्ति तिथिः- 16.10.2026 0
प्राप्ति स्थलः- रेफरल अस्पताल, राघोपुर, जिला-सुपौल।
लिंगः- पुरूष
माता का नामः-ना मालुम, पिता का नामः-ना मालूम
पताः- ना मालुम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित बच्चे के पिता/अभिभावक/परिजन, सूचना प्रकाशन तिथि से 60 दिनों के अन्दर साक्ष्य के साथ अपना दावा बाल कल्याण समिति, सुपौल (पता- वृहद आश्रय गृह, चैनसिंहपट्टी, वार्ड नं0-03, सुपौल बिहार पिन-852131, मोबाइल नम्बर-9470291900) एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सुपौल (पता-पिपरा रोड, यादव कॉम्पलेक्स, वार्ड नं0-04, सुपौल, बिहार, पिन-852131, संपर्क नम्बर-06473-357072) के समक्ष प्रस्तुत करें।

नोटः- उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरांत कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं बच्चे को दत्तकग्रहण विनियमन, 2022 के प्रावधानुसार उपयुक्त दंपत्ति को गोद दे दिया जाएगा।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
सुपौल

PR- 014304 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

विभिन्न थानों में जब्त 2040 लीटर शराब को किया गया विनष्ट

हिलसा (नालंदा) (आससे)। हिलसा अनुमंडल कार्यालय के समीप बुधवार की शाम अनुमंडल के विभिन्न थाने में विभिन्न कांडों में जप्त किये गए शराब को वरीय पदाधिकारियों की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़ी मात्रा में जब्त शराब का विनष्ट किया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से बरामद हुए 2040 लीटर देशी एवं विदेशी शराब नष्ट किया गया। मद्य निषेध के थानाअध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों से 348.9 लीटर देशी शराब एवं 497.6 लीटर विदेशी शराब जबकि 1194 लीटर स्प्रीट बरामद किया गया था। जिसमे हिलसा मद्य निषेध थाना से 497.6 लीटर विदेशी एवं 178.5 लीटर देशी, हिलसा थाना से 95.1 लीटर देशी एवं 1194 लीटर स्प्रीट वही एकंगरसराय से 6.2 लीटर देशी, तेल्हाडा से 12.4 लीटर देशी, नगरनौसा से 26.5 लीटर देशी, औंगारी पीर बिगहा ओपी से 5 लीटर देशी, परबलपुर से 17.2 लीटर देशी, चंडी से 8 लीटर देशी शराब को विधि-व्यवस्था के तहत बुलडोजर से गड्ढे खोदकर नष्ट किया गया।विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में आरो सुभाष कुमार चौधरी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब को निर्धारित नियमों के अनुसार नष्ट किया गया, ताकि किसी प्रकार की पुनः उपयोग या दुरुपयोग की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि शराब. बंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर हिलसा थाना अध्यक्ष चंद्रभानु, उत्पाद थाना के पुलिस पदाधिकारी निरंजन कुमार सहित सभी थाने के कांड से सम्बंधित आईयो मौजूद रहे।

दिव्यांग युवती ने लगाया झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में एक दिव्यांग युवती ने शादी का झांसा देकर लगभग 10 वर्षों तक यौन और मानसिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने युवक और उसके परिजनों पर दो बार जबरन गर्भपात कराने, 10 लाख रुपये के बिजनेस लोन में धोखाधड़ी करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। इस संबंध में पीड़िता ने अगस्त में पुलिस अधीक्षक (एसपी) को आवेदन देने के बाद महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि वर्ष 2017 में हरनौत के चंडी मोड़ स्थित एक सीएसपी केंद्र पर बैंक खाता खुलवाने के दौरान युवती की पहचान गोनावा पंचायत के बलवा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार यादव, पिता लखेंद्र प्रसाद से हुई थी। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी का भरोसा देकर लगातार संबंध बनाए।

नालंदा कॉलेज में इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

बिहारशरीफ। नालंदा कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन बेहद उत्साहपूर्ण और खेलमय माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी विजेता और उपविज. ेता खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।



प्रतियोगिता के मिश्रित युगल वर्ग में नालंदा कॉलेज के समृद्ध सिन्हा और ऋतिका कुमारी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, एएन कॉलेज, पटना के सिद्ध नाथ झा और नंदनी कुमारी की जोड़ी उपविजेता रही। इसी प्रकार बालक एकल वर्ग में टीआईएसएच कॉलेज, पटना के आशुतोष कुमार विजेता बने, जबकि राजगीर राजकीय डिग्री कॉलेज के मनीष कुमार उपविजेता रहे। वहीं बालिका एकल वर्ग में कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना की सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज, पटना की प्रीति कुमारी उपविजेता रहीं।

इसी प्रकार बालक युगल वर्ग में बीडी कॉलेज, पटना के विनीत कुमार और प्रेम कुमार की जोड़ी विज. ेता रही, जबकि राजगीर राजकीय डिग्री कॉलेज के मनीष कुमार और प्रियांशु कुमार की जोड़ी उपविजेता रही। जबकि बालिका युगल वर्ग में जेडी वीमेंस कॉलेज, पटना की सौम्या राय और श्रेया रंजन की जोड़ी ने विजेता का खिताब जीता, जबकि इसी कॉलेज की आकांक्षा कुमारी और मनीषा कुमारी की जोड़ी उपविजेता रही।

समारोह के दौरान महाविद्यालयों के बीच खेल भावना, अनुशासन और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर प्रो. रघुनाथ प्रसाद कच्छवे, डॉ. उपेंद्र मंडल, डॉ. शशि भूषण भट्ट, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. राजदेव और कॉलेज पीटीआई दिलीप कुमार पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कतरीसराय में रबी महोत्सव सह किसान कार्यशाला का आयोजन

कतरीसराय (नालंदा) (संसू)। प्रखंड के ई-किसान भवन में आत्मा योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रबी महोत्सव अभियान सह किसान कार्यशाला एवं खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिल देव पासवान ने किया। कार्यशाला में दर्जनों किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय पदाधिकारियों ने किसानों को रबी फसलों की बेहतर खेती, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत की वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी ने किसानों को मृदा जांच के महत्व, फसलों की बुआई के उचित तरीके, संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग, खाद्य प्रसंस्करण और मशरूम उत्पादन की तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, जिला कृषि विपणन पदाधिकारी ने वर्मी पिट निर्माण, वर्मी कंपोस्ट के उपयोग तथा उर्वरकों की उचित मात्रा के संबंध में जानकारी दी। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और फार्मर रजिस्ट्री सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को इनका लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने किसानों को धान अधिप्राप्ति से संबंधित नियमों एवं आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी। वहीं, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रकाश शैलेश कुमार ने आत्मा योजना के तहत संचालित किसान प्रशिक्षण, किसान पाठशाला और कृषि परिभ्रमण कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने रबी मौसम में आयोजित होने वाली किसान चौपाल के उद्देश्य एवं किसानों को मिलने वाले लाभों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में बीडीओ रजनीश कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बीस सूत्री अध्यक्ष कृष्णमूर्ति कुमार, मुखिया रामजी पासवान, मुखिया सम्राट हिमांशु पासवान सहित सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

भव्य दिव्य चतुर्मास अनुष्ठान व लक्ष्मी महायज्ञ के आयोजन को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

एकंगरसराय (नालंदा) (आससे)। प्रखंड के तेल्हाड़ा सूर्य मंदिर प्रांगण में गुरुवार से भव्य दिव्य चतुर्मास अनुष्ठान व लक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया है। इसके लिए सैकड़ों नर-नारियों ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा तेल्हाड़ा सूर्य मंदिर तालाब से जल भरकर संपूर्ण बाजार भ्रमण कर महायज्ञ स्थल पर पहुँची। आयोजनकर्ता संपूर्ण ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित महायज्ञ में 29 अक्टूबर को कलश यात्रा के बाद यज्ञ का शुभारंभ किया गया। श्री श्री 108 लक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज और पंडित आचार्य राघव जी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके लिए भव्य पंडाल बनाए गए हैं। नर-नारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। कलश वेदी की परिक्रमा नर-नारियों द्वारा की जा रही है।

इस कार्य में समाजसेवी पैक्स अध्यक्ष रामकुमार बोकाड़िया, अशोक साहू, नबलेश यादव, सरपंच सुरेश प्रसाद, सुजेंद्र प्रसाद, तेल्हाड़ा थानाध्यक्ष अजीत कुमार टिंकू, ललन प्रसाद सिंह, अवधेश गुप्ता, धर्मेंद्र पासवान, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, गौतम कुमार, बलराम वर्मा, कन्हैयालाल, धर्मेंद्र पासवान, सुभाष कुमार, राकेश प्रसाद, हजारी साहब, मुकेश कुमार सहित तेल्हाड़ा के संपूर्ण बाजारवा. सियों का सहयोग मिल रहा है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बांका

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-03/2026-27

(1) विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल,बांका।
(2)निविदा आमंत्रित करने की तिथि :- 23.10.2026
(3) परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- 05.11.2026 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
(4) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 06.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 06.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न् ।
(6) निविदा कागजात् की बिक्री का स्थान :- (क) अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय भवन, अंचल,भागलपुर । (ख) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय भवन प्रमंडल, बांका। (ग) संबंधित सहायक अभियंता, का कार्यालय भवन प्रमंडल, बांका।
(7) निविदा प्राप्ति /खोलने का स्थान :- क्रमांक 6 के अनुसार।
(8) कार्य विवरणी :-

कम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) (केवल O-GRAS माध्यम से)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and painting work of the Statistics office Building Located in the collectorate Campus Banka.	343700.00	6900.00	750.00	01 माह
2	Repair and painting work of the District Public Grievance Redressal office building banka in the collectorate Campus Banka.	218800.00	4500.00	500.00	20 दिन
3	Repair and painting work of the Minority Welfare office Building situated in the collectorate Campus Banka.	449900.00	9000.00	750.00	01 माह
4	Repair work of the Boundry wall of the Press club building Banka.	406000.00	8200.00	750.00	01 माह
5	Repair and painting work of the District Planning office situated in the collectorate Campus Banka.	317000.00	6400.00	750.00	01 माह
6	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-A situated in the Sub division campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	253900.00	5100.00	750.00	01 माह
7	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-B situated in the Sub division campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	254700.00	5100.00	750.00	01 माह
8	Repairing and painting work of outer portion of D type Block-C situated in the Subdivision campus Banka under Banka district for the year 2026-27.	275600.00	5600.00	750.00	01 माह
9	Renovation of Guard Room at Circuit House banka.	379800.00	7600.00	750.00	01 माह
10	Renovation of press club Banka District Banka for the year 2026-27	785400.00	15800.00	1250.00	01 माह

(9) यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट- **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता हैं।

PR. No. 014266 (BCD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बांका

दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने वाले पुलिस पदाधिकारी हुए सम्मानित

शेखपुरा (आससे)। दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों को शेखपुरा के एसपी हिमांशु ने सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंथन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, सक्रियता और सराहनीय योगदान के लिए पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा के कारण जिले में दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूजा और मेला के दौरान कहीं से भी किसी बड़े विवाद की सूचना सामने नहीं आई। पुलिस की सक्रियता और बेहतर समन्वय से विधि-व्यवस्था बनी रही। दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस की बेहतर व्यवस्था को लेकर जिले के आम लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस प्रशासन की सराहना की थी। एसपी ने इस उपलब्धि के लिए पुलिस पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी दीपावली सहित अन्य त्योहारों में भी इसी तरह सक्रियता, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने की सलाह दी। सम्मानित होने वालों में एएसपी डॉ. राकेश कुमार, यातायात डीएसपी ऋषभ कुमार, साइबर डीएसपी ज्योति कुमारी, लाइन डीएसपी सहित टाउन थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अरियरी थानाध्यक्ष राजकुमार शाह, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार, केवटी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, चेवाड़ा थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार और महुली थानाध्यक्ष रामप्रवेश भारती समेत जिले के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

'मिशन कर्मयोगी' के तहत प्रशासनिक कार्यशैली को बेहतर बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

बिहारशरीफ। राज्य के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अब आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर हर सप्ताह कम से कम एक घंटा यानी साल में न्यूनतम 52 घंटे की ऑनलाइन ट्रेनिंग लेना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के इस तत्काल प्रभाव से लागू आदेश के तहत इस प्रशिक्षण के रिपोर्ट कार्ड को कर्मियों के वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवे. दन (एपीएआर) से जोड़ दिया गया है। 'मिशन कर्मयोगी' के तहत यह पहल प्रशासनिक कार्यशैली को बेहतर बनाने और पोर्टल पर सूबे की रैंकिंग सुधारने के उद्देश्य से की गई है।

यह नियम केवल मुख्यालय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि निद. ेशालय, क्षेत्रीय व प्रमंडलीय कार्यालय, जिला, अनुमंडल, प्रखंड और पंचायत स्तर के सभी कार्यालयों के साथ-साथ विभिन्न बोर्ड, निगम, प्राधिकरण और संस्थानों पर भी लागू होता है। हर विभाग अपने कर्मियों के दायित्व और कार्यक्षेत्र के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ई-ऑफिस, सुशासन, नेतृत्व, नैतिकता, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल गवर्नेंस जैसे पाठ्यक्रम चुनेगा, जिसके लिए क्षमता विकास आयोग के एआई टूल की मदद ली जाएगी। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए हर विभाग में नोडल पदाधिकारी तैनात किए गए हैं जो मासिक समीक्षा करेंगे और नियमों की अनदेखी या पिछड़ने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में नालंदा की डीएम उदिता सिंह ने बताया कि इस नियमित प्रशिक्षण से अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली में उल्लेखनीय सुधार आएगा, वे कम समय में अधिक गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकेंगे और इससे हर विभाग की कार्यकुशलता व रैंकिंग में भी सुधार होगा।

एमएलसी चुनाव में नीरज कुमार की जीत पर एनडीए के लोगों ने जताई प्रसन्नता

बिहारशरीफ। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार की लगातार चौथी बार शानदार जीत पर नालंदा जिला जदयू अध्यक्ष मोहम्मद अरशद ने जिले के सभी स्नातक मतदाताओं, एनडीए घटक दलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद ने स्पष्ट किया कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे एनडीए परिवार, समर्पित कार्यकर्ताओं और जागरूक मतदाताओं की सामूहिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के राजनीतिक विजन, संगठन के प्रति लोगों के अटूट विश्वास और चुनाव अभियान के दौरान दिखाई गई सक्रियता ने जीत की राह आसान की। उन्होंने सभी सहयोगी दलों और नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनता के इस भरोसे का सम्मान करना और जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहना संगठन की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी रहेगी। आभार जताने वालों में भाजपा अध्यक्ष राज. ेश कुमार, लोजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट, रालोमो जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाह, हम जिलाध्यक्ष संजू मालाकार, नगर बिहारशरीफ जिलाध्यक्ष प्रद्युमन कुमार, राजकुमार सहित प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तर के तमाम पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे।